an>

Title: Regarding Open Shelter Home for Orphan children run by Laveena Vikas Seva Sansthan, Ogana in Udaipur Parliamentary Constituency, Rajasthan -laid.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): मैं माननीय मंत्री जी कि संज्ञान में लाना चाहूंगा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र उदयपुर में लविना विकास सेवा संस्थान ओगना जो कि ओपन शेल्टर होम 21 सितम्बर 2017 से चला रहे है। इनके द्वारा जनजाति बाहुल्य आदिवासी क्षेत्र में बीटी कॉटन कपास की मजदूरी करने वाले अनाथ बालकों को निवासरत किया जाता है। बताना चाहूंगा कि जिला के कलेक्टर एवं अन्य जनप्रतिनिधि विभागीय अधिकारी द्वारा संतोषप्रद निरीक्षण किया जा चुका है और मैं स्वयं भी इनके संस्थान गया हूँ और इनके काम को जाना और समझा तथा रह रहे बालको से भी मिला हूँ। आपके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि आज तक दुर्भाग्यपूर्ण इनको पिछले 4 वर्षों से कोई भुगतान नहीं हो पाया है। मुझे इस बात से भी अवगत करवाया गया है कि संरक्षक पिछले साढ़े तीन साल से कर्ज लेकर इन बालकों का भरण पोषण कर रहे है।

अत: मेरा माननीय मंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि तत्संबंधित अधिकारी को इस विषय पर जांच करवाने के आदेश देवे और साथ ही इनका भुगतान जल्द से जल्द करवाने के आदेश जारी करें। इसके लिए मैं तथा संस्थान और वहां रह रहे बालक आपके सदा आभारी रहेंगे और कम से कम उन्हें राइट तो फूड का हक़ मिल सके।